नवम्बर 2012–फरवरी 2013

मान्नीय महोदय,

सादर जय जिनेन्द्र

थैलीसीमिया एक ऐसी बीमारी है, जिसमें ग्रसित बच्चे को प्रत्येक माह रक्त देने की आवश्यकता होती है, इस बीमारी से ग्रसित बच्चों को जीवन प्रदाय करने हेतु आपके भाग्योदय तीर्थ चिकित्सालय के शिशु रोग विभाग में डॉ. नीलम जैन (शिशु रोग विशेषज्ञ) की देख–रेख में एक मुहिम संचालित है। यहॉ करीब 34 बच्चे रजिस्टर्ड हैं, जिन्हें प्रत्येक माह निःशुल्क रक्त प्रदाय किया जाता है। इन बच्चों को रक्त की व्यवस्था करने के लिए रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है, भले और समझदार व्यक्ति इन बच्चों को जिन्दगी प्रदान करने हेतु अपना अमूल्य रक्त देने में जरा भी संकोच नहीं करते।

दिनांक 18.11.2012 (रविवार) को सागर केन्द्रीय जेल में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में डॉ.नितिन जैन, डॉ. रजनीश मिश्रा, डॉ.अखिलेश जैन, डॉ.रूपाली जैन, डॉ.सुषमा धमेचा एवं डॉ.नीता दुबे ने 238 पुरूष–महिला कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

दिनांक 23.11.2012 को विचार संस्था सागर के सौजन्य से सागर षहर के मुख्य चौराहे नमक मंडी में विषाल रक्तदान षिविर का आयोजन किया गया जिसमें भाग्योदय तीर्थ के ब्लड बैंक आफीसर डॉ. एस.के. जैन, ट्रस्टी डॉ.आर.के. जैन, ब्लड बैंक टेक्नीषियन श्री नीतेष जैन सहित पैरामेडीकल स्टाफ ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस शिविर में 17 यूनिट ब्लड दान से प्राप्त हुआ।

शिविर श्रृंखला में ही भारतीय जैन मिलन शाखा, केमिस्ट एसोसिएशन शाहगढ़ एवं लिटिल स्टार पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में जैन धर्मशाला शाहगढ़ में भी निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन दिनांक 25.11.2012 को किया गया। इस शिविर में 200 से भी अधिक मरीजों को स्स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में डॉ. नितिन जैन, डॉ. अखिलेश जैन, डॉ. मनीष केशरवानी, डॉ. बी.पी. त्रिवेदी, डॉ. रूबी जैन, डॉ. नीता दुबे, डॉ. शैलेन्द्र पटैल, डॉ. विवेक जैन एवं ब्लड बैंक टेक्नीशियन श्री नीतेश जैन ने अपनी सेवायें प्रदान कीं। इस शिविर में 9 यूनिट ब्लड दान से प्राप्त हुआ।

दिनांक 1 दिसम्बर 2012 को विष्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में भाग्योदय तीर्थ नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा एड्स के विरूद्ध जन जागरूकता की अलख जगाने हेतु सागर षहर के मुख्य मार्गों पर एक विषाल रैली निकाली गयी एवं भाग्योदय तीर्थ चिकित्सालय परिसर में सभा का आयोजन किया गया। उपस्थित जन समूह को प्राचार्य राजकृष्णन, फेकल्टी एलविन, सपना सेम्युल, अनिल कुमार, महेन्द्र विष्वकर्मा, प्रियंका सेनी एवं नेहानितिका ने सम्बोधित किया।

इसी दिवस करीला स्थित अमरीन स्कूल में भी विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण चिकित्सालय के डॉ.राजेन्द्र तिवारी द्वारा नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों सहित किया गया।

दिसम्बर माह के प्रथम–द्वितीय सप्ताह में भारत एवं मध्यप्रदेष सरकार द्वारा लाल परेड ग्राउन्ड भोपाल में आरोग्य एक्सपो 2012 विष्व के विषाल आयुर्वेद के समागम में भाग्योदय तीर्थ आयुष चिकित्सा विषेषज्ञ डॉ. बी.पी. त्रिवेदी ने प्रतिनिधित्व किया।

दिनांक 25 दिसम्बर 2012 को यादव हेल्प लाइन एवं सोषल ग्रुप सागर के सोजन्य से ग्राम रमझिरिया में विषाल रक्तदान षिविर का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. एस.के. जैन, ब्लड बैंक टेक्नीषियन श्री नीतेष जैन सहित पैरामेडीकल स्टाफ ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस शिविर में 22 यूनिट ब्लड दान में प्राप्त हुआ। डॉ. सचिन जैन (एम.एस. नेत्ररोग) तथा डॉ. मंदार जैन (डी कार्डियोंलाजी हृदय रोग) की सेवाएं भी आपके चिकित्सालय के लिए नवीन सौगात हैं।

दिनांक 12 एवं 13 फरवरी 2013 को इंजेक्शन प्रबंधन पर बी.डी. कंपनी, भोपाल द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें भोपाल टीम द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किये गये। कार्यशाला में भाग्योदय चिकित्सालय के नर्सिंग स्टाफ एवं भाग्योदय नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर इंजेक्शन प्रबंधन को बेहतर समझा तथा जिज्ञासाओं का निराकरण जाना।

धर्मशाला निर्माण कार्य भी निरंतर प्रगति पर है।

माह नवम्बर 2012 –फरवरी 2013 में R.2556105.00 की चेरिटी आपके संस्थान द्वारा मरीजों के लिए की गयी है।

विगत कई माह से हम आपको लगातार आपकी संस्था की गतिविधियों के बारे में अवगत करा रहे हैं परंतु यह जानकारी आप तक पहुँच भी पा रही है या नहीं इसकी सूचना हमें अप्राप्त है। कृपया हमें 09827250752 पर SMS करके या btct.saugor@gmail.com पर ई मेल करके जरूर सूचित करने का कष्ट करें। यदि आप सूचना दे चुके हैं तो हमारा धन्यवाद।

प.पू. 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा एवं मंगलाशीष से निर्मित यह संस्थान आपके द्वारा दिये गये सहयोग से ही प्रगति पथ पर अग्रसर हैं तथा सम्पूर्ण बुन्देलखण्ड में पीड़ित मानवता की सेवार्थ जाना जाता है। आपका सहयोग ऐसा ही बना रहे ऐसी हमारी भावना है। पत्र के अंत में आपसे निवेदन है कि संस्था के हितार्थ आपका जो भी मार्गदर्शन हो हमें अवश्य अवगत कराने का कष्ट करें।

भाग्योदय तीर्थ परिवार की ओर से . . .

संतोष खरे
जनसंपर्क अधिकारी